# राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, बैंगलुरु

## अभ्यास प्रश्न पत्र सेट 1(2023-24)

## कक्षा -10

## विषय -हिन्दी बी (085)

---

**अधिकतम अंक: 80**
**निर्धारित समय : 3घंटे**

---

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं । दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

1. **खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (अपठित गद्यांश)**

**1.अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 1x5=5**
डॉ. कलाम को 'मिसाइल मैन' कहा जाता है। जब ये छठी कक्षा में पढ़ते थे, तभी समाचार-पत्र में दूसरे महायुद्ध के सुप्रसिद्ध बमवर्षक विमान 'स्पटफायर' (मंत्रवाण) के विषय में पढ़कर इन्होंने वैमानिकी के क्षेत्र में कुछ कर गुजरने का निश्चय कर लिया था। यही नहीं, वैमानिकी की हर बारीकी इन्होंने अपने छात्र-जीवन में ही भली प्रकार जान ली थी। डॉ. कलाम के शब्दों में-"विज्ञान वैदिक

साहित्य की तरह है, सरस और संवेदनशील"। 1958 में ये रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन से जुड़ गए और 1980 तक के लंबे सेवाकाल में इन्होंने देश को अंतरिक्ष अनुसंधान की बुलंदी तक पहुँचाया। इस श्रृंखला में 1967 में रोहिणी-75 रॉकेट छोड़ा, भारत का पहला उपग्रह प्रक्षेपणयान एस.एल.बी.-3 का श्री हरिकोटा से प्रक्षेपण किया गया। इतना ही नहीं, 1982 में डी.आर.डी.ओ. निदेशक के रूप में इन्होंने मिसाइल परियोजना के तहत पाँच प्रमुख मिसाइल कार्यक्रमों पर अनुसंधान किए। 1983 में आई.जी.एच.डी.पी. का प्रक्षेपण किया व 1984 में प्रथम स्वदेशी जड़त्व निर्देशित प्रणाली के लिए मिसाइल का परीक्षण किया। सन् 1985 में 'रिसर्च सेंटर' की आधारशिला रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपका मूल मंत्र है- "विजन, मिशन और गोल।"

1. डॉ. कलाम को बमवर्षक विमान की जानकारी कहाँ से मिली?

    क) मित्रों से

    ख) समाचार-पत्रों से

    ग) पुस्तकों से

    घ) अध्यापकों से

2. डॉ. कलाम ने विज्ञान को किसके समान सरस और संवेदनशील बताया?

    क) संस्कृत साहित्य के

    ख) वैदिक साहित्य के समान

    ग) पुराणों के

    घ) भक्तिकालीन साहित्य के

3. भारत के प्रथम उपग्रह प्रेक्षण यान का नाम है ________।

क) आई.जी.एच.डी.पी.

ख) विमान 'स्पटफायर'

ग) एस.एल.बी.-3

घ) रोहिणी-75

4. डॉ. कलाम का मूल मंत्र निम्नलिखित में से कौन-सा है?

क) विजन, मिशन और गोल

ख) सृजन, मिशन और गोल

ग) विजन, गगन और गोल

घ) मिशन प्रशिक्षण और गोल

5. **कथन (A):** डॉ. अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन कहा जाता है।
**कारण (R):** वे बचपन से ही वैमानिकी की हर बारीकी से परिचित थे।

क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

ग) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है।

घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही असत्य हैं।

2. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 1x5=5**

प्राचीनकाल से ही देशाटन ऋषियों-मुनियों और राजाओं को भी प्रिय रहा है। उस समय हवाई जहाज, ट्रेनें, बसें आदि सुविधाजनक वाहन नहीं होते थे। लोग घोड़ों पर बैठकर सवारी करते थे या पैदल ही यात्रा किया करते थे। प्राचीनकाल में लोग हजारों-हजारों मील पैदल यात्रा करते हुए एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुँच जाया करते थे। हाँ ! उसमें उनको काफी समय लग जाता था, परंतु उनको उस यात्रा में आनंद खूब आता था, साथ ही उन्हें उस इलाके की पूरी जानकारी भी प्राप्त हो जाती थी।

पर्यटन द्वारा ज्ञान-प्राप्ति के साथ-साथ हमें सरस और सुरुचिपूर्ण मनोरंजन भी प्राप्त होता है। विभिन्न स्थानों, वनों पहाड़ों, नदी-तालाबों और सागर की उत्ताल तरंगों का अवलोकन कर पर्यटक झूम उठते हैं। पर्यटन हमें नयनाभिराम दृश्यों को देखने का अवसर देता है। पर्यटन हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हितकर है। जलवायु परिवर्तन से चित्त में सरसता और उत्साह का संचार होता है। इससे हम प्रसन्न मन:स्थिति में रहते हैं, जो हमारे उत्तम स्वास्थ्य की अनिवार्य शर्त है। देशाटन अथवा पर्यटन के दौरान अनेक कष्टों और कठिनाइयों का सामना करने पर जब हम उन्हें सुलझाने में सफल हो जाते हैं, तो हमें एक अद्भुत प्रसन्नता प्राप्त होती है।

फलस्वरूप हमारे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। पर्यटन ने हमारे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को भी प्रभावित किया है। इससे विभिन्न राष्ट्रों में परस्पर निकटता बढ़ती है और व्यापारिक संबंध दृढ़ होते हैं। विकसित देशों के संपर्क ने विकासशील देशों की उन्नति को तीव्र गति प्रदान की है और अविकसित देशों के विकास में सहयोग देना आरंभ किया है। राष्ट्रों के पारस्परिक वैमनस्य और बैर को दूर करने में पर्यटन का योगदान महत्वपूर्ण हो सकता है।

1. पर्यटन से हमें क्या प्राप्त होता है?

   क) इनमें से कोई नहीं

   ख) ज्ञान-प्राप्ति के साथ सरस और सुरुचिपूर्ण मनोरंजन

   ग) धन-लाभ

घ) सामाजिक और राजनीतिक लाभ

2. पर्यटन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार हितकर है?

क) हमारे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है

ख) पर्यटन से चित्त में सरसता और उत्साह का संचार होता है

ग) सभी

घ) मन प्रसन्न रहता है

3. पर्यटन हमें किस प्रकार प्रभावित करता है?

क) राष्ट्रों में परस्पर निकटता बढ़ती है

ख) सभी

ग) व्यापारिक संबंध दृढ़ होते हैं

घ) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि होती है

4. विकसित देशों के संपर्क से क्या लाभ हुआ है?

क) इनमें से कोई नहीं

ख) विकासशील देश उन्नति के पथ पर गतिशील हुए हैं

ग) विकासशील देशों से गरीबी दूर हुई है

घ) विकासशील देशों की आर्थिक प्रगति कम हुई है

5. पर्यटन के सकारात्मक प्रभाव हैं-

i. सरस और सुरुचिपूर्ण मनोरंजन
ii. चित्त में सरसता और उत्साह का संचार

iii. आत्मविश्वास में वृद्धि
iv. पारस्परिक वैमनस्य को बढ़ावा

क) कथन i, ii व iv सही हैं

ख) कथन ii सही है

ग) कथन ii, iii व iv सही हैं

घ) कथन i, ii व iii सही हैं

3. निर्देशानुसार 'पदबंध ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4=4

1. **सड़क के किनारे बैठा हुआ व्यक्ति** अँधा है। रेखांकित वाक्य में कैसा पदबंध है?

क) संज्ञा पदबंध

ख) विशेषण पदबंध

ग) सर्वनाम पदबंध

घ) क्रिया पदबंध

2. शैलेन्द्र ने राजकपूर की भावनाओं को **शब्द दिए हैं**। वाक्य में रेखांकित पदबंध है

क) सर्वनाम पदबंध

ख) क्रिया पदबंध

ग) संज्ञा पदबंध

घ) विशेषण पदबंध

3. **<u>हवाई किले बनाने वाले युवकों,</u>** सम्भल जाओ। रेखांकित वाक्य में कैसा पदबंध है?

    क) विशेषण पदबंध

    ख) सर्वनाम पदबंध

    ग) क्रिया पदबंध

    घ) संज्ञा पदबंध

4. उसका कुत्ता **<u>अत्यंत सुंदर</u>** और **<u>आज्ञाकारी</u>** है। - रेखांकित पद में कैसा पदबंध है?

    क) संज्ञा पदबंध

    ख) विशेषण पदबंध

    ग) क्रिया पदबंध

    घ) सर्वनाम पदबंध

5. **बालक ने पुस्तक पढ़ी होगी।** वाक्य में क्रिया पदबंध है

    क) ने

    ख) पढ़ी होगी

    ग) पुस्तक

    घ) बालक

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4=4
    1. नौकरी मिल जाने पर भी मैं पढ़ता रहता हूँ। (मिश्र वाक्य)

क) नौकरी मिल गई तो क्या फिर भी मैं पढ़ता रहता हूँ।

ख) मुझे नौकरी मिल गई फिर भी मैने पढ़ना नहीं छोड़ा।

ग) नौकरी मिल जाने पर भी पढ़ाई करते रहना चाहिए।

घ) यद्यपि मुझे नौकरी मिल गई है तथापि मैं पढ़ता रहता हूँ।

2. **ठण्डी बयार समुद्र से चल रही थी और तताँरा को छू रही थी।** वाक्य-रचना की दृष्टि से है-

क) संयुक्त वाक्य

ख) मिश्र वाक्य

ग) सरल वाक्य

घ) सामान्य वाक्य

3. यहाँ बाढ़ आई और बीमारियाँ बढ़ गई। (मिश्र वाक्य)

क) जब से यहाँ बाढ़ आई है तब से बीमारियाँ बढ़ गई।

ख) यहाँ बाढ़ आई परन्तु साथ में बीमारियाँ भी लाई।

ग) यहाँ बाढ़ आई और बीमारियाँ बढ़ गई।

घ) जब भी बाढ़ आती है अपने साथ बीमारियाँ भी लाती है।

4. **ज्योति आई और चली गई।** वाक्य का सरल वाक्य रूपांतरण निम्न विकल्पों से चुनें-

क) ज्योति आई और गई।

ख) जैसे ही ज्योति आई वह चली गई।

ग) ज्योति आई और खड़े-खड़े चली गई।

घ) ज्योति आकर चली गई।

5. मिश्र वाक्य में-

i. एक से अधिक उपवाक्य होते हैं।
ii. एक उपवाक्य प्रधान होता है व अन्य उपवाक्य उस पर आश्रित होते हैं।
iii. उपवाक्य जैसे, कि, यदि, अगर, तो, तथापि, इसलिए, आदि योजकों द्वारा जुड़े हैं।
iv. सभी विकल्प सही है।

क) विकल्प (ii)

ख) विकल्प (iv)

ग) विकल्प (iii)

घ) विकल्प (i)

5. निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4=4

1. 'जीवन - मरण' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

क) जीवन और मरण - समास विग्रह
द्वंद्व समास - समास का नाम

ख) जीवन और मरण - समास विग्रह
अव्ययीभाव समास - समास का नाम

ग) जीवन और मरण - समास विग्रह
द्विगु समास - समास का नाम

घ) जीवन है जो मरण - समास विग्रह

कर्मधारय समास - समास का नाम

2. नवरात्रि

   क) नव की रातें - तत्पुरुष समास

   ख) नौ रातों का समूह - द्वंद्व समास

   ग) नई रात्रि - कर्मधारय समास

   घ) नौ रात्रियों का समाहार - द्विगु समास

3. **द्वंद्व समास** के लिए सही समस्त पद कौन-सा है?

   क) रसोईघर

   ख) नर-नारी

   ग) कामचोर

   घ) चंद्रमुखी

4. किस समास में पहला पद प्रधान होता है?

   क) अव्ययीभाव

   ख) कर्मधारय

   ग) तत्पुरुष

   घ) द्विगु

5. जिस पद में पूर्व पद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य होता है।

   क) कर्मधारित समास

ख) कर्मधारण समास

ग) कर्मधारय समास

घ) कर्मधरय समास

6. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4=4

1. विभीषण ने राम को रावण के सभी रहस्य बताकर ________ कार्य किया। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।

   क) विष घोलने का

   ख) सिर खपाने का

   ग) हाथ पीले करने का

   घ) मक्खी मारने का

2. बीमारी ने मोहन को लोगों के सामने ________ मजबूर कर दिया। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए-

   क) आवाज़ उठाना

   ख) अपना उल्लू सीधा करना

   ग) हाथ फैलाना

   घ) आँखें फेर लेना

3. पन्ने रंगना

   क) बेकार में लिखना

   ख) चित्रकारी करना

ग) पृष्ठों पर रंग गिराना

घ) पृष्ठों में रंग भरना

4. स्थाई रूप से रहना

क) डेरा बाँधना

ख) घर बनाना

ग) डेरा डालना

घ) मकान बनाना

5. घाव पर नमक छिड़कना

क) किसी का दुःख बाँटना

ख) चोट पर नमक डालना

ग) घायल होना

घ) दुखी व्यक्ति को और दुःख देना

6. भ्रष्ट नेताओं के कारण कांग्रेस चुनाव **<u>हार गयी</u>**। रेखांकित वाक्यांश के लिए सही मुहावरा है-

क) भूत भगाना

ख) लुटिया डूब जाना

ग) अंतर पट खुलना

घ) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (काव्य खंड)**

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 1x5=5**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

1. कवि ने किसकी मृत्यु को सुमृत्यु माना है?

   क) शिक्षित मनुष्य की

   ख) स्वार्थी मनुष्य की

   ग) अमीर मनुष्य की

   घ) परोपकारी मनुष्य की

2. कवि के अनुसार पशु-प्रवृत्ति क्या होती है?

   क) देश के लिए जीना

   ख) दूसरों के लिए जीना

   ग) इनमें से कोई नहीं

   घ) केवल अपने लिए जीना

3. **मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए** पंक्ति का क्या आशय है?

   क) जिसकी इच्छाएँ कभी पूरी नहीं होतीं, वह कभी नहीं मरता।

   ख) जो अपना जीवन परोपकार में लगा देता है, वह कभी नहीं मरता।

ग) जो अपने लिए जीता है, वह कभी नहीं मरता।

घ) जो पशुओं की भाँति जीता है, वह कभी नहीं मरता।

4. अमर कौन हो जाता है?

क) परोपकार करने वाला

ख) तपस्या करने वाला

ग) पशु के समान जीवन जीने वाला

घ) राज करने वाला

5. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

i. स्वार्थ की भावना का होना पशु-प्रवृति की निशानी है।
ii. परमार्थ की भावना ही मनुष्य की पहचान है।
iii. हमारी मृत्यु यादगार होनी चाहिए।
iv. दूसरों के लिए जीने वालों का जीना व्यर्थ होता है।
v. जो अपने लिए जीता है वही वास्तव में जीवित है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए -

क) (i), (iv), (iii)

ख) (iii), (iv), (v)

ग) (i), (ii), (iii)

घ) (ii), (iv), (v)

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

1 x 2=2

1. **कर चले हम फ़िदा** गीत में युद्धभूमि में सैनिक देश पर प्राण न्यौछावर करते समय किसको सम्बोधित कर रहा है ?

    क) प्रियजनों को

    ख) दुश्मनों को

    ग) भक्तों को

    घ) साथियों को

2. **स्याम म्हाने चाकर राखो जी** का अर्थ है-

    क) हे श्याम! हमारे यहाँ नौकरी कर लो

    ख) हे श्याम, सबको दासी बना लो

    ग) हे श्याम! मुझे दासी बना लो

    घ) हमने श्याम को नौकर रख लिया है

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (गद्य खंड)**

9. **क) अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

**1x5=5**

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होंने धीरज से काम लिया। शायद वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो

गया था और सारा समय पतंगबाजी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था। माँझा देना, कनने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं। मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज मेरी नज़रों में कम हो गया है।

1. **अब मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा** इस पंक्ति में किसे डाँटने का अधिकार नहीं रहा?

   क) दादा को

   ख) अध्यापक को

   ग) बड़े भाई साहब को

   घ) छोटे भाई को

2. बड़े भाई साहब के व्यवहार में लेखक को नरमी दिखाई देने का क्या कारण था?

   क) उन्हें लगना कि वे जरूरत से ज्यादा डाँटते हैं

   ख) छोटे भाई द्वारा उनसे बात करना बंद कर देना

   ग) उनका परीक्षा में फेल होना

   घ) उनका अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होना

3. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

   **कथन (A):** छोटे भाई ने बिल्कुल भी पढ़ना बंद कर दिया था।
   **कारण (R):** उसे अपनी तकदीर पर भरोसा था कि वह बिना पढ़े भी पास हो जाएगा।

क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

ग) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

4. बड़े भाई के डर से लेखक कौन-सा कार्य करने लगा था?

क) नवीन योजना बनाता था

ख) और अधिक खेलता था

ग) मित्रों से नहीं मिलता था

घ) थोड़ा-बहुत पढ़ता था

5. लेखक बड़े भाई साहब को किस बात का संदेह नहीं होने देना चाहता है?

क) उनकी पढ़ाई की पुस्तकें उसने फाड़ दी हैं

ख) अनुभव के कारण उनकी बात को जानने का

ग) उनका सम्मान लेखक की नज़रों में कम हो गया है

घ) उनकी शिकायत दादा से कर दी

ख) **तीसरी कसम** पाठ के आधार पर शैलेन्द्र के गीतों की क्या विशेषता है? 1 x 2=2

क) भाव प्रदान और सरल दोनों

ख) भाव प्रदान

ग) इनमें से कोई नहीं

घ) सरल

7. वर्तमान में लोग कैसे घरों में रह रहे हैं – 1

क ) विशाल बरामदे वाले घरों में

ख )विशाल आंगन वाले घरों में

ग )महलों में

घ )डिब्बे जैसे घरों में

## खंड - ब वर्णनात्मक प्रश्न (पाठ्य पुस्तक)

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: 3x2=6

1. समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी?उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला?
2. **कारतूस** पाठ के संदर्भ में लेफ्टीनेंट को कैसे पता चला कि हिन्दुस्तान में सभी अंग्रेजी शासन अंग्रेजी शासन को नष्ट करने का निश्चय कर चुके हैं?
3. चाय पीते-पीते उस दिन मेरे दिमाग से भूत और भविष्य दोनों काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था और वह अनंतकाल जितना विस्तृत था। उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि जब आप मानसिक तनाव में होते हैं तो चाय पीकर आप कैसा अनुभव करते हैं?

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: 3x2=6

1. विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी सँभाल क्यों होती है? **तोप** कविता के आधार पर स्पष्ट करते हुए तोप की विशेषताएँ भी लिखिए।
2. **आत्मत्राण** कविता में क्या कवि की यह प्रार्थना आपको अन्य प्रार्थना गीतों से अलग लगती है यदि हाँ, तो कैसे?
3. "पंत प्रकृति चित्रण के सर्वोत्तम कवि हैं।" 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: 3x2=6

1. आम आदमी की धर्म के प्रति अंधश्रद्धा को धर्म के ठेकेदार किस रूप में भुनाते हैं? 'हरिहर काका' कहानी में काका किस प्रकार इसका शिकार हुए? व्यक्ति का वैज्ञानिक दृष्टिकोण उसे किस प्रकार बचा सकता है?
2. आज की शिक्षा-व्यवस्था में विद्यार्थियों को अनुशासित बनाए रखने के लिए क्या तरीके निर्धारित हैं? 'सपनों के-से दिन' पाठ में अपनाई गई विधियाँ आज के संदर्भ में कहाँ तक उचित लगती हैं? जीवन मूल्यों के आलोक में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।
3. इफ़्फ़न के घर में उसकी दादी की मृत्यु के बाद एक खालीपन सा आ जाता है। टोपी को वह घर अब खाने को दौड़ता था। उस घर में एक दादी ही थीं जो उससे स्नेह रखती थीं।
   हमारे बुज़ुर्ग हमारी विरासत होते हैं - 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर बताइए कि आप अपने घर में रह रहे बुज़ुर्गों का ध्यान कैसे रखेंगे?

13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए 5

**1. साँच को आँच नहीं**

- सत्य बोलने का महत्त्व
- सत्य बोलने वालों के उदाहरण
- सत्य न बोलने का परिणाम

**2. मित्रता**

- आवश्यकता
- कौन हो सकता है मित्र
- लाभ

**3. साहित्य का महत्त्व**

- साहित्य का सामर्थ्य
- देश की वास्तविक स्थिति का सजीव चित्रण
- साहित्यकारों द्वारा संस्कृति व सभ्यता को बचाने में योगदान

14. विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए। 5

**अथवा**

अपने क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारी को विद्युत बिल ठीक कराने के लिए पत्र लिखिए।

15. विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रातःकाल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए। 4

**अथवा**

आप विद्यालय की छात्र कल्याण-परिषद् के सचिव हैं। विद्यालय में होने वाले वार्षिक-उत्सव में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के नाम आमंत्रित करने के लिए सूचना तैयार कीजिए।

16. कोचिंग सेंटर हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में बनाइए। 3

**अथवा**

अपने विद्यालय में होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से संबंधित विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।

17. **मैं तितली हूँ** विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। 5

**अथवा**

आपकी बस्ती के पार्क में कई अनधिकृत खोमचे वालों ने डेरा डाल दिया है, उन्हें हटाने के लिए नगर-निगम अधिकारी को dyancsz@mcd.org.in एक ईमेल लिखिए।